पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

राज्यपाल ने हजरत अली के जन्म दिवस पर बधाई दी

लखनऊः 20 अप्रैल, 2016

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल, श्री राम नाईक ने समस्त प्रदेशवासियों, विशेषकर मुस्लिम भाई-बहनों को हजरत अली के जन्म दिवस पर हार्दिक बधाई देते हुए उनके मंगलमय जीवन की कामना की है।

राज्यपाल ने अपने बधाई सन्देश में कहा है कि हजरत अली ने इंसान को इंसान से जोड़ने, आपसी भाईचारा, इंसाफपरस्ती, शासक के कर्तव्य और जनता के अधिकार के संबंध में जो तालीम दी थी, वह किसी वर्ग विशेष के लिए नही बल्कि पूरी मानवता के लिए थी। उन्होंने कहा कि हजरत अली की शिक्षाएं समाजोत्थान की दिशा में आज भी प्रासंगिक हैं।

अंजुम/रा0/राजभवन (158/34)